हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 16 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 39.1 डिग्री
न्यूनतम 21.8 डिग्री

11 लैंगिक समानता के लिए 'थर्ड जेंडर' का...
12 नारनौंद में विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी : सीएम





## पहले चरण में अयोध्या व दिल्ली के लिए फ्लाइट शुरू

# हिसार एयरपोर्ट पर अगले छह माह में नाइट लैंडिंग की सुविधा शुरू होने की उम्मीद

- दूसरे चरण में इम्मीडिएटली जयपुर तथा चंडीगढ़ के लिए होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट से कमर्शियल फ्लाइट शुरू हो चुकी है। पहले चरण में हिसार से अयोध्या तथा हिसार से दिल्ली के बीच फ्लाइट शुरू हुई है। दूसरे चरण में इम्मीडिएटली जयपुर तथा चंडीगढ़ के लिए फ्लाइट शुरू की जाएगी और उसके बाद अहमदाबाद व जम्मू के लिए कमर्शियल फ्लाइट शुरू की जाएगी। जल्द ही हिसार एयरपोर्ट को 24 घंटे चलाया जाएगा। इसके लिए जल्द ही नाइट लैंडिंग फ्लाइट की सुविधा भी शुरू की जाएगी। नाइट लैंडिंग फ्लाइट के लिए इंस्ट्रूमेंट लग चुके हैं और अन्य प्रक्रिया बाकी है। उम्मीद है कि अगले छह महीने में हिसार एयरपोर्ट से नाइट लैंडिंग की सुविधा उपलब्ध हो पाएगी। यहां बता दें कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं का शुभारंभ किया थी। पीएम मोदी ने हिसार से अयोध्या के लिए हरियाणा की पहली वाणिज्यिक फ्लाइट को रवाना किया था। प्रधानमंत्री ने 503 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले हवाई अड्डे के नए टर्मिनल-2 भवन की आधारशिला रखी थी।




हिसार। महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा। फोटो : हरिभूमि

### शुक्रवार को चलेगी फ्लाइट

हिसार से सप्ताह में 2 बार अयोध्या और दिल्ली के लिए फ्लाइट जाएगी। हिसार से अयोध्या जाने का समय सुबह 10.35 रहेगा, जो 2 घंटे में यानि 12.35 बजे अयोध्या पहुंचेगी। इसी तरह हिसार से दिल्ली का समय दोपहर 3.25 का रहेगा, जो 40 मिनट में करीब 4.05 बजे दिल्ली पहुंचेगी। अब 18 अप्रैल शुक्रवार सुबह दिल्ली से फ्लाइट हिसार पहुंचेगी। उसके बाद अयोध्या और वहां वापस हिसार आएगी। इसके बाद फ्लाइट दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी।

### 220 यात्रियों ने किया सफर

पहले दिन हिसार एयरपोर्ट से 220 यात्रियों ने विमान में सफर किया। इसमें दिल्ली से हिसार और हिसार से दिल्ली के लिए 120 यात्री विमान में बैठे तो हिसार से अयोध्या और अयोध्या से हिसार के लिए 100 यात्री पहुंचे। सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे दिल्ली से उड़कर हिसार पहुंची फ्लाइट में 64 यात्रियों ने सफर किया। इन यात्रियों में कैथल के एक स्कूल के विद्यार्थी थे। उसके बाद हिसार से अयोध्या के लिए 59 यात्री, अयोध्या से हिसार के विमान में 41 और हिसार से दिल्ली की उड़ान में 56 यात्रियों ने सफर किया।


### हिसार एयरपोर्ट पर मिलेगी 86 रुपये में एक कप चाय

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हिसार एयरपोर्ट के अंदर कैंटीन भी खोल दी गई है। कैंटीन पर मिलने वाले चीजों के रेट कार्ड का बोर्ड भी कैंटीन के अंदर लगाया गया है। एयरपोर्ट में एक कप चाय 86 रुपये की मिलेगी। एक कॉफी की कीमत 105 रुपये रहेगी। किसी को मैगी लेनी है तो उसे एक मैगी के लिए 143 रुपये अदा करने होंगे। इसके अलावा सैंडविच व पास्ता 152-152 रुपये, पोहा व उपमा 124-124 रुपये में पड़ेगा। फ्रेंच फ्राई की कीमत 209 रुपये रहेगी। कोल्ड ड्रिंक, जूस, चिप्स और पानी की बोतल एमआरपी के हिसाब से मिलेगी। कैंटीन पर मिलने वाले सामान की उच्च कीमतों पर एयरपोर्ट अथॉरिटी का तर्क है कि यहां क्वालिटी और क्वांटिटी, दोनों अच्छी और ज्यादा होंगी।




### 24 घंटे चलाया जाएगा हिसार एयरपोर्ट

*हरियाणा एयरपोर्ट्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एचएडीसी) के सीईओ जेएस बल्हारा ने बताया कि हरियाणा के पहले एयरपोर्ट से कमर्शियल फ्लाइट शुरू हो चुकी है। पहले चरण में अयोध्या तथा दिल्ली के लिए फ्लाइट शुरू हुई है। उन्होंने बताया कि हिसार एयरपोर्ट 24 घंटे चलाया जाएगा और अच्छे रिस्पॉन्स मिलने की उम्मीद है। इम्मीडिएटली जयपुर तथा चंडीगढ़ के लिए फ्लाइट शुरू की जाएगी और उसके बाद अहमदाबाद व जम्मू के लिए कमर्शियल फ्लाइट शुरू की जाएगी। फिलहाल हिसार एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग फ्लाइट की सुविधा नहीं है, लेकिन अगले छह महीने में नाइट लैंडिंग की सुविधा भी शुरू होने की उम्मीद है। नाइट लैंडिंग के लिए इंस्ट्रूमेंट लग चुके हैं। उन्होंने बताया कि जैसे ही नाइट लैंडिंग की जुड़ी सारी प्रक्रिया पूरी हो जाएंगी, उसके बाद एयरोड्रम के लाइसेंस को अपग्रेड किया जाएगा।*



## खबर संक्षेप

### पानी के लिए जनता परेशान, सुध ले प्रशासन

**हिसार।** हिसार संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेंद्र श्योराण ने कहा कि प्रशासन को पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रही जनता की सुध लेनी चाहिए। इस भीषण गर्मी में शहर के लगभग सभी इलाकों में पानी की सप्लाई बाधित है और लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं। लोगों को घरों में बाहर से पानी के टैंकर मंगवाकर काम चलाना पड़ रहा है। नहर में लंबे समय से पानी नहीं आने की वजह से लगभग सभी जलघर सूखने के कगार पर हैं। सफाई के नाम पर हफ्तों तक नहर का पानी रोकना प्रशासनिक अव्यवस्था को दर्शाता है।

### बढ़ती कीमतों के खिलाफ माकपा का प्रदर्शन 17 को

**हिसार।** रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल डीजल की कीमतों और बिजली बिल में काफी बढ़ोतरी के खिलाफ माकपा 17 अप्रैल को उपायुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी। यह जानकारी माकपा शहर कमेटी सचिव शकुंतला जाखड़ ने बताया कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने फिर से रसोई गैस सिलेंडर पर 50 रुपये और पेट्रोल-डीजल पर 2 रुपये अधिभार लगाकर लोगों के ऊपर महंगाई का और बोझ बढ़ा दिया है। वहीं कुछ दिन पहले ही बिजली के बिलों में भी बड़ी बढ़ोतरी की थी। उन्होंने कहा कि पहले से ही महंगाई से त्रस्त जनता इस कीमत बढ़ोतरी से और संकट में आ जाएगी।

### दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

**हिसार।** ऋषि देव जैन मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 16 अप्रैल को स्वर्गीय ऋषि देव जैन की 12वीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित करेगा। इस शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि आंखों के सफेद मोतियाबिंद की समस्या से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन इस शिविर में किए जाएंगे। शिविर के दौरान कृष्ण कुमार जैन, सुशील मुनि जैन, राकेश कुमार जैन व अंशुल जैन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### जुआ खेलते हुए 2 व्यक्ति गिरफ्तार

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान थाना शहर हांसी पुलिस ने ताश के पत्तो के साथ सरेआम जुआ खेल रहे शेखपुरा निवासी भूपेंद्र व मुल्तान कालोनी निवासी अमित उर्फ सनी को 9150 रुपए सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शहर थाना पुलिस को गश्त पड़ताल दौरान सुचना मिली थी की मुल्तान कॉलोनी में दो व्यक्ति ताश पत्तो के साथ जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने टीम का गठन कर मुल्तान कॉलोनी हांसी से भूपेंद्र व अमित उर्फ सनी को 9150 रुपए व 156 ताश के पत्तों सहित गिरफ्तार कर लिया।

### कला गर्ग की 58वीं वर्षगांठ पर हुआ सत्संग

**उकलाना।** हरि बोल संगत उकलाना की प्रधान तथा भारत विकास परिषद के पूर्व प्रधान डॉ. नीरज गर्ग की माता कला गर्ग की 58वीं वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष में पुरानी अनाज मंडी मे श्री सनातन धर्म मंदिर में विशेष सत्संग आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किया। कला गर्ग को बधाई देते हुए संगत तथा श्री सनातन धर्म मंदिर कमेटी की तरफ से उन्हें पटका तथा माला पहनकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर सनातन धर्म मंदिर के प्रधान कैलाश लोहिया, सचिव राजकुमार गर्ग, रक्षा गोयल, मीनाक्षी लोहिया, ममता गोयल, आशा गर्ग, कृष्णा देवी, रामकली, पूनम गोयल, पूनम गर्ग, अनीता, सुनीता, सीमा, रेखा, किरण, कविता, पंडित ओमप्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।



हांसी। प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

## विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- विदेश भेजने के नाम पर 28 लाख रुपये की थी धोखाधड़ी

**हांसी।** आर्थिक अपराध शाखा हांसी पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर 28 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के एक मामले एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। प्रोडक्शन वारंट पर लिए गए आरोपी की पहचान वैसर व हाल पानीपत जिले के गांव मतलोडा निवासी दिलबाग के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रोडक्शन वारंट पर लिए गए आरोपी ने अप्रैल 2024 में गांव भैणी अमीरपुर निवासी जितेन्द्र को ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए अपने बैंक खाते में 22 लाख रुपए डलवाए थे।

आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया है। आरोपी हांसी में ही दर्ज एक मामले में जेल बंद था। आरोपी को बाद प्रोडक्शन वारंट अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

## खेत में पानी लगाने से रोकने पर बुजुर्ग को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सैनीपुरा गांव में नहर से पंचायती जोहड़ में डाले जा रहे पानी को खेत में लगाने से रोकने पर पानी की रखवाली कर रहे बुजुर्ग के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट में घायल 60 वर्षीय बहादुर सिंह को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंच घायल बहादुर सिंह के बयान दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन बहादुर सिंह ने बताया कि गांव के तालाब में पशुओं के पीने का पानी कम होने के कारण सरपंच रविन्द्र ने सिंचाई विभाग से अनुमति लेकर नहर में पाइप डालकर गांव के पंचायती जोहड़ में पानी भरा जा रहा था। तालाब में डाले जा रहे पानी की रास्ते में चोरी या लीकेज न हो इसके लिए सरपंच रविंद्र ने तालाब में आ रहे पानी की संभाल के लिए गांव के चार-पांच ग्रामीणों की ड्यूटी लगाई थी। वह नहर से तालाब तक चक्कर लगा कर पानी संभाल करते थे।



बहादुर सिंह ने बताया कि वह सरपंच के कहने पर रविवार को तालाब में डाले जा रहे पानी को संभालने के लिए नहर की ओर जा रहा था कि उसने देखा कि गांव एक व्यक्ति ने जोहड़ में जा रहे पानी को अपने खेतों में खोल रखा था। लेकिन उसने खेत में जा रहे पानी को नाका लगाकर बंद कर दिया और नहर की ओर चला गया और जब वह नहर से वापस गांव की ओर आ रहा था तो पप्पू व उसकी पत्नी ने उसे पकड़ लिया लिया और दोनों ने मिलकर उसे पानी में गिरा दिया और उसकी लाठी छीन कर उस पर हमला कर घायल कर दिया। बहादुर सिंह ने बताया कि वह किसी प्रकार दंपति के चंगुल से छुट कर लहुलुहान अवस्था में घर पहुंचा तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए हांसी एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया चिकित्सकों ने उसके सिर में आठ टांके तथा एक हाथ में फैक्चर होने के चलते प्लास्टर किया है। पुलिस ने घायल बुजुर्ग के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हड़प्पा कालीन सभ्यता राखीगढ़ी के टीलों का डीजीपी ने किया अवलोकन

- हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता देश का गौरव : शत्रुजीत कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

आईकॉनिक साइट राखीगढ़ी हड़प्पा कालीन सभ्यता के हजारों राज अपने अंदर समाए हुए हैं। पुरातत्व विभाग अनेक ऐसे खुलासे किए हैं कि जो कि चौकाने वाले हैं। इन्हीं रहस्यों को देखने के लिए आए दिन यहां पर देश-विदेश से सैलानी पहुंचते हैं। इसी कड़ी में सोमवार को प्रदेश के डीजीपी शत्रुजीत कपूर राखी गढ़ी पहुंचे। उन्होंने टीले नंबर एक और तीन पर जाकर खोदाई के दौरान निकले अवशेषों को देखा टीलें तीन पर निकली दीवार को देखकर वो हैरान रह गए कि हजारों वर्ष पहले भी इतनी अच्छी तकनीक से वो लोग पक्की ओर कच्ची ईंटों की दीवार बनाते थे। टीले नंबर एक पर खोदाई में निकले हुए काफी अवशेष देखे जो कि हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता की गवाही दे रहे थे। बर्तन, पत्थर, मनके, पत्थर का चाकू, खिलौने देखकर चकित हो गए। उन्होंने कहा कि यह देश में इतनी पुरानी चीजें मिलना हमारे लिए गौरव की बात है। आने वाली पीढ़ी को इनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। टीलें नंबर एक ओर तीन पर पुरातत्व विभाग ने आने जाने वाले पर्यटकों के लिए साइट को खुला छोड़ा हुआ है। जिसमें दीवार, कुआं, कंकाल सहित काफी अवशेष देखे जा सकते हैं। उनके साथ आईपीएस पंकज नैन भी थे।



नारनौंद। राखी गढ़ी के टीलों का अवलोकन करते डीजीपी शत्रुजीत कपूर व एडीजीपी पंकज नैन। फोटो : हरिभूमि

## स्कार्पियो व बाइक की टक्कर में बाइक चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सिसाय रोड पर देर शाम ढाणी पाल गांव के सरपंच सुरेंद्र की स्कार्पियो गाड़ी व एक बाइक के बीच टक्कर हो गई थी। हादसे में बाइक सवार ढाणी पाल निवासी 40 वर्षीय करतार सिंह की मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक के भतीजे रवि कुमार के बयान पर ढाणी पाल के सरपंच सुरेंद्र के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने व गैर इरादतन हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर सरपंच सुरेंद्र ने बताया कि हादसा होते ही वे खुद अपनी गाड़ी में घायल अवस्था में करतार सिंह को अस्पताल में लेकर आए थे, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

**स्कार्पियो मालिक सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज**

पुलिस को दिए बयान में रवि कुमार ने बताया है कि वह ढाणी पाल का निवासी है और उसका चाचा करतार सिंह सिसाय पुल पर एक सीमेंट की दुकान पर नौकरी करता था। 13 अप्रैल को उनका चाचा घर से बाइक पर सवार होकर हांसी गया था। विवार की देर शाम तक जब उनके चाचा घर नहीं पहुंचा तो उन्होंने चाचा के पास कई फोन किए, लेकिन फोन नहीं उठाए। फिर कुछ देर बाद उनका फोन किसी अनजान व्यक्ति ने उठाया और बताया कि यह व्यक्ति नागरिक अस्पताल में मृत अवस्था में है। यह पता चलते ही वे नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां जाकर उन्होंने देखा कि उनके चाचा के हाथ, पैर, माथे व पेट पर चोटें लगी हुईं थीं। इन्हीं चोटों की वजह से डॉक्टर ने उनके चाचा को मृत घोषित कर दिया था।

### स्कूटी से गिरने से व्यक्ति की मौत

**बरवाला।** मंडी मार्ग पर बीती रात्रि स्कूटी का बैलेंस बिगड़ने से सड़क पर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर मृतक व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक व्यक्ति के चचेरे भाई कुशाल के ब्यान पर इत्तफाकिया कार्रवाई अमल में लाई है। जांच अधिकारी एएसआई देवेन्द्र ने बताया कि सोमवार रात्रि लगभग साढ़े 10 बजे वार्ड नंबर 3 निवासी राकी (42) अपनी स्कूटी पर सवार होकर नई सब्जी मंडी से अपने घर वापस आ रहा था तो बीच रास्ते जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय के समक्ष स्कूटी का बैलेंस बिगड़ गया और स्कूटी सवार राकी सड़क पर गिर पडा तथा गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल राकी को उपचार के लिए हिसार शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। मृतक नई सब्जी मंडी में आढत का काम करता था और 16 वर्षीय एक लड़की तथा 13 वर्षीय एक लड़के का पिता था।



## पिस्तौल के बल पर हजारों की नकदी व मोबाइल लूटा

**बरवाला।** तीन लुटेरों द्वारा एक व्यक्ति से पिस्तौल के बल पर हजारों रुपये की नकदी और मोबाइल फोन लूटने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने जींद निवासी रामकुमार की शिकायत पर तीन अज्ञात लुटेरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई आरंभ कर दी है। इस घटना के शिकार व्यक्ति रामकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कुरुक्षेत्र से अपनी गाड़ी में सवार होकर वापस अपने घर जींद आ रहा था तो बीच रास्ते पुडंरी से राजौद मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास तीन युवकों ने गाड़ी रुकवा ली तो तीनों युवकों ने उस पर पिस्तोल तान दी और उसे गाड़ी में पीछे बिठा लिया। आरोप है कि बदमाशों ने उससे 62 हजार रुपये की नकदी और एक मोबाइल फोन लूट लिया। इसके बाद उन्होंने मेरे पर शराब उड़ेल दी और वह बेहोश हो गया। बदमाश पूरी रात मुझे मेरी गाड़ी में घूमाते रहे। जब गाड़ी में पेट्रोल खत्म हो गया तो वे मुझे गाड़ी समेत बरवाला शहर के टोहाना मार्ग पर हवेली होटल के समीप छोड़कर फरार हो गए।



हिसार। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल को ज्ञापन सौपते प्रॉपर्टीज डीलर वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

## प्रॉपर्टीज डीलर वेलफेयर एसोसिएशन ने मंत्री विपुल गोयल को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** हिसार प्रॉपर्टीज डीलर वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल एसोसिएशन के प्रधान संजय डालमिया के नेतृत्व में नागरिक उड्डयन व निकाय मंत्री विपुल गोयल से मिला और ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा उपायुक्त कार्यालय द्वारा हाल ही में कलेक्टर रेट में की वृद्धि को प्रदेश सरकार ने वापिस ले कर बहुत ही सहरानीय कार्य किया इसके लिए सरकार का आभार व्यक्त किया। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने हिसार प्रॉपर्टीज डीलर वेलफेयर एसोसिएशन प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि इस कार्य को लेकर सम्बंधित अधिकारियों से बात करके समाधान करवाया जाएगा।

### किसानों को मंडी में मिल रही पूर्ण सुविधाएं : एसडीएम

## सिवानी मंडी में एमएसपी पर हो रही सरसों व गेहूं की खरीद

- अब तक 1,39,088 क्विंटल सरसों की आवक, 72,500 क्विंटल की हुई खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवानी मंडी

अनाज मंडी में रबी सीजन की फसलों सरसों और गेहूं की खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है। किसानों की उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जा रहा है, जिससे उन्हें उनकी फसलों का उचित मूल्य मिल रहा है। मंडी में किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं जैसे पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था और अनाज के तौल की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अब तक सिवानी अनाज मंडी में 1,39,088 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है, जिसमें से 72,500 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। खरीदी गई सरसों में से 57,434 क्विंटल का उठान भी किया जा चुका है। गेहूं की बात करें तो मंडी में अब तक 10,784 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई है, जिसमें से 10,567 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है और 4,891 क्विंटल गेहूं का उठान किया गया है।



सिवानी अनाज मंडी में लगी सरसों की ढेरी। फोटो : हरिभूमि

प्रशासन द्वारा खरीद कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है। किसान बिना किसी परेशानी के अपनी उपज मंडी में ला रहे हैं और उन्हें त्वरित समय बद्ध तरीके से भुगतान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि हर किसान को उसकी मेहनत का पूरा मूल्य समय पर मिले। मंडी में खरीद व्यवस्था को और अधिक सुचारु बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर निगरानी कर रहे हैं।



# 18 को रिलीज होगी 'केसरी : चैप्टर 2'

**मुंबई।** 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे भी हैं। ये फिल्म वकील शंकरन नायर के परपोते रघु पलात और उनकी पत्नी पुष्पा की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की कहानी पर आधारित है। दिल्ली में स्पेशल स्क्रीनिंग में नेताओं ने फिल्म की तारीफ की। साल 2019 में खिलाड़ी अक्षय कुमार ने केसरी फिल्म से धुआं उड़ा दिया था। अब 5 साल के बाद वह फिर से इसका सीक्वल लेकर लौट रहे हैं।



लाइफ Style

# प्रियंका हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच'के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं।

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला



# टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं, मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं, रुबस हैग्रिड का खास रोल निक प्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे।





# कैटी ने अंतरिक्ष में गाया खूबसूरत गाना

**लॉस एंजिल्स।** कैटी पेरी अपनी 5 सदस्यीय महिला दल के साथ अंतरिक्ष की यात्रा कर लौट आई हैं। कुल 11 मिनट की यात्रा के दौरान वह चार मिनट अंतरिक्ष में रहीं। इस दौरान उन्होंने वहां एक खूबसूरत गाना भी गाया। धरती पर लौटते ही कैटी ने जमीन को चूमा, कहा कि यह मां बनने के बाद उनकी जिंदगी का दूसरा सबसे इमोशनल पल है। कैटी ने खुलासा किया कि उन्होंने उड़ान के दौरान 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाना भी गाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस अनुभव ने मुझे यह दिखाया है कि आप अपने अंदर भरे प्यार को कभी नहीं जान सकते, जैसे कि आपको कितना प्यार देना है और आपसे कितना प्यार किया जाता है।' कैटी पेरी ने उड़ान भरने के दौरान अपने साथ एक डेजी का फूल भी रखा था। यह उनकी बेटी डेजी के लिए था।



# रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...


**मुंबई।** रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।



# देसी अंदाज देखने पहुंच रहे दर्शक

**मुंबई।** सनी का देसी अंदाज और फिल्म की जोरदार कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। 'जाट' ने वीकेंड के बाद भी अपनी पकड़ बनाए रखी। अगर, यह रफ्तार बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही अपनी लागत पार कर सकती है। सनी देओल की 'जाट' दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। पांचवें दिन फिल्म ने सात करोड़ 50 लाख रुपए की शानदार कमाई की, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन अब 47.75 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। पांचवें दिन फिल्म ने 15 करोड़ रुपए जुटाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 101.3 करोड़ रुपए हो गया है। एक्शन के साथ फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।

टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर भी तमन्ना ने खूब कमाया नाम

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है।

***जी करदा :*** जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

***आखिरी सच :*** आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

***नवंबर स्टोरी :*** नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

***मास्टर शेफ इंडिया- तेलुगू सीजन 1 :*** मास्टर शेफ इंडिया तेलुगु भाषा का टीवी शो है। इसके पहले 6 एपिसोड को तमन्ना भाटिया ने होस्ट किया। यह 27 अगस्त 2021 से 27 नवंबर 2021 तक जेमिनी टीवी पर प्रसारित किया गया।

***11 हॉवर :*** '11 हावर' तेलुगू भाषा की क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन प्रवीण सत्तारू ने किया। इसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में थीं।

***सपने सुहाने लड़कपन के :*** 'सपने सुहाने लड़कपन के' एक टेलीविजन शो है। यह मई 2012 से जनवरी 2015 तक जी टीवी पर प्रसारित हुआ। इस शो के होली वाले एपिसोड में तमन्ना भाटिया नजर आईं थीं।

# एसीपी आयुष्मान ने आते ही प्रद्युमन की मौत पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर सीरियल सीआईडी 2 में लंबे समय से शो का हिस्सा रहे एसीपी प्रद्युमन का किरदार खत्म हो गया है। शो में एसीपी प्रद्युमन के किरदार में दिख रहे शिवाजी साटम का रोल खत्म होने के बाद अब पार्थ समथान ने एसीपी आयुष्मान बनकर शो में एंट्री की है। लेकिन, आयुष्मान की एंट्री के बाद से ही उनकी सीआईडी की पुरानी टीम के साथ टशन दिख रहा है। एसीपी प्रद्युमन के बेहद खास रहे अभिजीत और दया उनकी मौत के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं, लेकिन एसीपी आयुष्मान उन्हें अपने इमोशन पर काबू रख काम पर ध्यान देने की नसीहत देता है, जिसका बाद उसकी टीम से अनबन हो जाती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आते हैं।



सीआईडी 2 के प्रोमो में एसीपी आयुष्मान के रोल में दिख रहे एक्टर पार्थ समथान अभिजीत और दया से कहते हैं, कब तक एसीपी प्रद्युमन की मौत पर आंसू बहाओगे। अपने दर्द, इमोशन और आंसू की पोटली बनाकर इसे ऑफिस के बाहर लटका कर आया करो। सीन में देखा गया कि अभिजीत और दया गुस्से से आयुष्मान को घूरते नजर आते है। इसके साथ शो के दौरान भी दया और अभिजीत की आयुष्मान के साथ बहस होती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वो कहते हैं, 'मुझे केवल परिणाम प्रभावित करते हैं। दया तुरंत उन्हें आश्वस्त करते हैं।

# इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू :** अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।



**रीना रॉय :** 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी :** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन'के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला :** मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त :** संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।

## हसरत जयपुरी की कलम से निकले सदाबहार गाने आज भी हैं प्रासंगिक

# 11 रुपए की सैलरी पर बस कंडक्टर के रूप में शुरू किया काम

**इकबाल हुसैन था असली नाम :** हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। उनका असली नाम इकबाल हुसैन था, लेकिन शायरी की दुनिया में उन्होंने 'हसरत जयपुरी' के नाम को अपनी पहचान बनाया। उनके पिता, नाजिम हुसैन सेना में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां फिरदौसी बेगम एक गृहिणी थीं, जिन्हें शायरी से गहरा लगाव था। मां की यह रुचि हसरत को विरासत में मिली। आगे चलकर इसी चीज ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी हिंदी सिनेमा के उन गीतकारों में से एक हैं, जिनकी लेखनी ने न केवल गीतों को अमर किया, बल्कि लाखों दिलों को भी छुआ। उनकी शायरी और गीतों में प्यार, दर्द, और जिंदगी के रंग इतनी खूबसूरती से उभरकर सामने आए कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय हुआ करते थे।*



**20 साल की उम्र में लिखनी शुरू कीं कविताएं :** हसरत ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में ही प्राप्त की। उन्हें असली तालीम उनके नाना फिदा हुसैन 'फिदा' से मिली, जो एक मशहूर शायर थे। नाना से हसरत ने उर्दू और फारसी की बारीकियां सीखीं, जिसने उनकी शायरी को गहराई दी। बीस साल की उम्र तक हसरत ने कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। उनकी रचनाओं में प्रेम और जिंदगी के प्रति एक अनूठा दृष्टिकोण झलकता था।

**शायरी में प्रेम की मासूमियत झलकती थी :** हसरत जयपुरी का कॅरियर एक साधारण बस कंडक्टर के रूप में शुरू हुआ। 1940 में रोजगार की तलाश में वह जयपुर से मुंबई आ गए। यहां उन्हें बेस्ट बस में कंडक्टर की नौकरी मिली, जिसके लिए उन्हें मात्र 11 रुपए मासिक वेतन मिलता था। दिनभर बस में काम करने के बाद रात में वह मुशायरों में अपनी शायरी सुनाया करते थे। उनकी शायरी में जिंदगी का दर्द और प्रेम की मासूमियत इतनी खूबसूरती से झलकती थी कि लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**इन फिल्मों के लिए लिखे सुपरहिट गाने :** बरसात की सफलता के बाद हसरत जयपुरी, राज कपूर, और शंकर-जयकिशन की तिकड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। हसरत ने राज कपूर की फिल्मों जैसे आवारा, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, और मेरा नाम जोकर के लिए यादगार गीत लिखे। 1966 और 1972 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी खासियत थी कि वह साधारण शब्दों में गहरी बातें कह जाते थे। उनकी लेखनी में प्रेम, देशभक्ति, और सामाजिक मुद्दों का सुंदर समावेश होता था।

**राज कपूर के साथ खूब जमी जोड़ी :** एक मुशायरे में उनकी मुलाकात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से हुई, जो उनकी शायरी से बेहद प्रभावित हुए। पृथ्वीराज ने अपने बेटे राज कपूर, को हसरत से मिलने की सलाह दी। उस समय राज कपूर अपनी फिल्म बरसात (1949) की तैयारी कर रहे थे। हसरत ने इस फिल्म के लिए अपना पहला गीत 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा, जिसे शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया। यह गीत सुपरहिट हुआ, और इसके साथ ही हसरत जयपुरी का नाम हिंदी सिनेमा में गूंजने लगा।

## प्रेमिका के लिए लिखी लाइन हुई खूब मशहूर

हसरत जयपुरी का निजी जीवन भी उनकी शायरी की तरह रंगों से भरा और भावनात्मक था। बीस साल की उम्र में उन्हें अपने पड़ोस की एक हिंदू लड़की, राधा से प्रेम हो गया था। इस प्रेम ने उनकी लेखनी को और निखारा। हसरत ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'प्रेम का कोई धर्म नहीं होता।' उन्होंने राधा के लिए एक कविता लिखी थी, 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़ कर, के तुम नाराज़ न होना,' जो बाद में फिल्म संगम (1964) का हिस्सा बनी और देशभर में मशहूर हुई। हसरत जयपुरी की निजी जिंदगी की बात करें तो शादी के बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे का जन्म दिया। बेटे के जन्म पर उन्होंने जो पंक्तियां लिखीं वो थीं, 'तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे,' यह लाइनें भी फिल्म ससुराल (1961) का हिस्सा बनीं।

खबर संक्षेप



हिसार। हनुमान मंदिर, नागोरी गेट से प्रवचन देते संत गोपीराम महाराज।

## दुनियादारी को छोड़कर भगवान पर भरोसा रखो : संत गोपीराम

**हिसार।** सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में मनाए जा रहे हनुमान जयंती महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित संगीतमय नानी बाई का मायरा में प्रवचन देते हुए वृन्दावन से पधारे संत गोपीराम महाराज ने कहा कि भगत के जीवन में केवल भगवान का भरोसा होता है, क्योंकि भगत जानता है संसार के लोग भरोसे लायक नहीं हैं, नरसीजी के जीवन की यह विशेषता रही कि संसार का भरोसा न करके उसने भगवान का भरोसा किया। जैसे बालक के जीवन में मां का बल होता है, इसी प्रकार भगत के जीवन में भगवान का बल होता है। नरसीजी के मायरे में आज भगवान पर विश्वास रखने की बात को विस्तार से बताया गया। इससे पहले समाजसेवी राहुल अग्रवाल व हर्षित अग्रवाल ने पूजन करवाया तत्पश्चात कथा शुरु की गई। कार्यक्रम में नगर के सैंकड़ों भक्तों ने मायरा का आनंद लिया। ट्रस्ट के प्रधान कैलाश चौधरी एडवोकेट, सचिव मधुसूदन गुप्ता व महोत्सव संयोजक शिव कुमार मित्तल एडवोकेट ने बताया कि 16 व 17 अप्रैल को संगीतमय नानी बाई का मायरा का पाठ किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुआ 'सलाम नारी को' कार्यक्रम

# लैंगिक समानता के लिए 'थर्ड जेंडर' का सम्मान भी जरूरी : प्रो. धर्मानी

- चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी की कुलपति प्रो. धर्मानी ने गुजवि में 'सलाम नारी को' कार्यक्रम को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी की कुलपति प्रो. दीप्ती धर्मानी ने कहा है कि जब हम जेंडर समानता की बात करते हैं, तो हमें 'थर्ड जेंडर' को भी नहीं भूलना चाहिए। हम एक ऐसा जागरूकता अभियान चलाएं, जिससे अब तक हाशिये पर खड़ा थर्ड जेंडर समाज मुख्य धारा का हिस्सा बने और नर व नारी दोनों के साथ मिलकर समाज व राष्ट्र के उत्थान में अपना योगदान दे।

प्रो. धर्मानी गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की महिला सेल, महिला क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम 'सलाम नारी को' को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थी। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। विश्वविद्यालय की महिला क्लब की संरक्षक व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। महिला सेल की अध्यक्षा प्रो. दीपा मंगला तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डा. अंजू गुप्ता भी मंच पर उपस्थित रही।

### उपलब्धि पुरस्कार मिले

आयोजन समिति की तरफ से विभिन्न श्रेणियों में महिला उपलब्धि पुरस्कार भी दिए गए। अंडरग्रेजुएट श्रेणी में सुधिका व आस्था सिंह तथा पोस्टग्रेजुएट श्रेणी में प्रियंका देवी व संजना पूनिया को यह सम्मान मिला जबकि शोधार्थी श्रेणी में नेहा सैनी, नविता, रशिमा शर्मा, प्रियंका व ज्योति को महिला उपलब्धि सम्मान मिला।





हिसार। विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि प्रो. दीप्ती धर्मानी, कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं अन्य तथा प्रदर्शनी का अवलोकन करता मुख्यातिथि प्रो. दीप्ती धर्मानी, कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### नर और नारी में शक्ति संतुलन होना चाहिए

*मुख्यातिथि प्रो. दीप्ती धर्मानी ने आह्वान किया कि नर और नारी में शक्ति संतुलन होना चाहिए। हमें एक दूसरे का आदर करना चाहिए। ध्यान रहे कि परिवार किसी भी कीमत पर खंडित ना हों। महिला खुद की शक्ति को पहचाने। उन्होंने कहा कि बेबस हो जाएं तो संकल्प लें। संकल्प हमें हर समस्या से उभार सकता है। मां की राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। मां बच्चों का जैसा पालन पोषण करेगी, बच्चे वैसे ही नागरिक बनेंगे। नारी शब्द में ही नर छिपा है। नारी के पास अतिरिक्त शक्तियां होती हैं। वह हर क्षेत्र में अपना आधिपत्य स्थापित कर चुकी हैं। भारत की वैदिक संस्कृति में नारी सम्मान की गौरवशाली परम्परा है।*

### पोस्टर मेकिंग में कनिका प्रथम

इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगी प्रतियोगिताओं को आयोजन भी किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कनिका को पहला, पलक को दूसरा तथा आरती को तीसरा पुरस्कार मिला।

स्लोगन लेखन में प्रियंका को पहला व मनीषा को दूसरा पुरस्कार मिला। कविता पाठ प्रतियोगिता में यशु को पहला, निमिशा को दूसरा तथा शुभम को तीसरा स्थान मिला। प्रीति, अंजलि व दीपिका को रंगोली के लिए सम्मानित किया गया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

कार्यक्रम में छात्राओं तथा शिक्षक महिलाओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। डॉ. गीतू धवन ने नजम तथा डा. ट्विंकल ने सोलो सॉंग की प्रस्तुति दी। कुमारी अकेता ने सरस्वती वंदना तथा मुस्कान ने इंगलिश कविता की प्रस्तुति दी। कुमारी रीटा व कुमारी प्रीति की योगा प्रस्तुति भी अत्यंत सराहनीय रही। कुमारी भूमि व निर्मला ने हरियाणवी नृत्य की मोहक प्रस्तुति दी।

### नारी की सहभागिता जरूरी : प्रो. बिश्नोई

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि नारी ने न केवल समाज को आकार दिया है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की यात्रा को दिशा भी दी है। दुनिया की आधी आबादी के बिना सृजन, संवेदन और संस्कार की कल्पना ही अधूरी होगी। विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए नारी की सहभागिता व नेतृत्व जरूरी है। 'सलाम नारी को' केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण, संस्कार और संकल्प है। नारी शक्ति केवल परिवार की धुरी नहीं, वह समाज, संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान, नेतृत्व, प्रशासन हर क्षेत्र में परिवर्तन की वाहक है। महिला सेल की अध्यक्षा प्रो. दीपा मंगला ने स्वागत सम्बोधन किया। इस अवसर पर एक फोटो प्रदर्शनी भी प्रदर्शित की गई। धन्यवाद प्रस्ताव डा. अंजू गुप्ता ने किया।

## कल्याण के लिए श्रेय का मार्ग उत्तमः स्वामी सत्यानंद



हिसार। स्वामी सत्यानन्द महाराज श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए। फोटो : हरिभूमि

- चंगा लगदा नहीं जग विच रहना गुरुजी तेरे कोल बसना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा हिसार के तत्वावधान में गोयंका सेवा सदन देवी भवन के नए प्रांगण में चल रहे सत्संग/ प्रवचन के छ्टे दिवस सोहम पीठाधीश्वर स्वामी सत्यानन्द महाराज ने कहा कि श्रेय व प्रेय दोनों हर व्यक्ति के पास आते हैं धीर पुरुष कल्याण मार्ग का अनुशरण करता है जबकि अविवेकी अपने योगक्षेम अर्थात पेट भरने के लिए प्रेय मार्ग का अनुशरण करता है। यद्यपि कल्याण वाले मार्ग पर चलने पर बहुत परेशानी होती है। बड़ी परीक्षाएं होती है किंतु परिणाम सुखद होता है, जबकि प्रेय मार्ग में प्रारम्भ में सुख होता है परंतु परिणाम उसका दुखद होता है। हरिश्चन्द्र युधिष्ठिर आदि ने कष्ट बहुत सहे किंतु बाद में सफलता मिली।

प्रवचनों की श्रृंखला में अन्य संतों ने भी अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया व सुंदर भजनों 'चलो सतगुरु की प्रेम नगरिया मन करले तू खोज खबरिया, मिला तुझको यह तन कर ले हरि का भजन,' 'चंगा लगदा नहीं जग विच रहना गुरुजी तेरे कोल बसना' देख लिया इस जग विच आके' आदि भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर राकेश गर्ग, सुनील गोयल, कमल किशोर सराफ, इंद्र चंद राठी, मुरारी लाल, अशोक अग्रवाल, वेद शर्मा, राम कुमार खनगवाल, विजय कुमार, पंकज सिंगला, आत्म प्रकाश गर्ग, जगदीश नागपाल आदि उपस्थित रहे।

## मंदिर के दान पात्र से हजारों की नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** शहर के रविदास चौक पर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में सोमवार रात को चोरी हो गई। चोर मंदिर का स्टील का गेट तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद दान पात्र को तोड़कर उसमें रखी हजारों रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। मंगलवार सुबह जब मंदिर में महिला श्रद्धालु व पुजारी आए, तो उन्हें चोरी की जानकारी मिली। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंच कर जायजा लिया। मंदिर के पुजारी के अनुसार, दान पात्र में श्रद्धालुओं के द्वारा चढ़ाई गई नकदी रखी हुई थी। मंदिर में कुछ महीने पहले ही स्टील का नया गेट लगवाया गया था। चोरों ने उस गेट को तोड़ दिया है। श्रद्धालुओं को आशंका है कि नशेड़ी किस्म के लोगों ने इस चोरी को अंजाम दिया है। पुलिसकर्मियों के अनुसार, आसपास के सीसीटीवी के आधार पर चोरों की पहचान की कोशिश की जा रही है। चोरी की इस घटना के बाद से मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं में रोष है।

# संघर्ष के बिना बदलाव संभव नहीं, बाबा साहब के विचारों को अपनाएं : गोस्वामी

- आदमपुर पॉलीटेक्निक में बाबा साहेब अंबेडकर के जयंती पर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी आदमपुर

गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय था भारतीय संविधान में डॉ. अंबेडकर का योगदान, जो संस्थान की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य कुलवीर सिंह अहलावत ने की। उन्होंने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के विचारों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस ऑफिसर राकेश कुमार शर्मा ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया और उसमें डॉ. अंबेडकर की अग्रणी भूमिका को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया के सबसे विस्तृत और समावेशी संविधानों में से एक है, जो हर नागरिक को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करता है।

एनएसएस कोऑर्डिनेटर मनोज गोस्वामी ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के शिक्षा दर्शन और उनके प्रसिद्ध नारे "शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो" की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघर्ष के बिना बदलाव संभव नहीं है, इसलिए हमें बाबा साहेब के विचारों को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए।



मंडी आदमपुर। बाबा साहेब अंबेडकर के जयंती पर आयोजित सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

# आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में पोषण पखवाड़ा शुरू

- संतुलित आहार, पोषणयुक्त भोजन का दैनिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में प्रातःकालीन सभा में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नितीश मिश्र ने पोषण पखवाड़ा की शुरुआत की घोषणा की और बच्चों को इसके महत्व के बारे में बताया। उन्होंने संतुलित आहार, पोषणयुक्त भोजन एवं दैनिक जीवन में इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। प्रातः कालीन सभा में हिंदी अध्यापिका स्वीटी ने बच्चों को यौन अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को सजग रहते हुए, किसी भी असहज स्थिति में सही प्रतिक्रिया देने और अपने अधिकारों को समझने की सलाह दी।

वहीं पोषण पखवाड़ा विषय पर शिक्षिका मंजुलता ने छात्रों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अच्छा और पौष्टिक भोजन खाने, समय पर भोजन करने और खाने में विविधता बनाए रखने की आदतों पर बल दिया। इसके अतिरिक्त शिक्षा में तकनीकी एकीकरण विषय पर लीगल लिट्रेसी क्लब प्रमुख देवदत्त ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार तकनीक के माध्यम से शिक्षा को अधिक प्रभावी और रुचिकर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।



हांसी। पोषण पखवाड़ा के शुभारंभ पर बच्चों को पोष्टिक आहार की जानकारी देते प्रिंसिपल नितीश मिश्रा। फोटो : हरिभूमि

# डॉ. अंबेडकर एक महान समाज सुधारक और विचारक थे : डॉ. कौशिक


हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- ओएसजीयू में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। यह वेबिनार विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो. चांसलर डॉ. पूनम गोयल के दिशानिर्देश में हुआ। इस वेबिनार में मुख्य वक्ता अंग्रेजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सोमेंद्र शर्मा रहे। उन्होंने डॉ.अंबेडकर के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डाला और सभी विद्यार्थियों को डॉ. अंबेडकर के आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. एन.पी. कौशिक ने सभी विधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर एक महान समाज सुधारक और विचारक थे। उन्होंने छात्रों को उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज एंड हयूमैनिटिज़ के प्रभारी डॉ. सुनील बैंदा ने भी विधार्थियों को डॉ. अंबेडकर के विचारों को अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया। इस वेबिनार में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। सभी ने विशेषज्ञों द्वारा डॉ. अंबेडकर के बताए गए विचारों से प्रेरणा ली और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



हिसार। वेबिनार में हिस्सा लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि



मंडी आदमपुर। विजेता छात्राओं व कोच के साथ मोहित कालीराणा व समन्वयक दर्शना।

## जूड़ो स्पर्धा में मोनिका स्कूल की छात्राओं ने जीता सोना

**मंडी आदमपुर।** गांव जाखोद खेड़ा स्थित मोनिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने जूड़ो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण व एक कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। विद्यालय निदेशक रत्तनपाल सांवत ने बताया कि हिसार के राइजिंग सन पब्लिक स्कूल में आयोजित महात्मा ज्योतिबा फूले जूड़ो कप प्रतियोगिता में 27 किलो में मानवी, 40 किलो में नेहा व 48 किलो में आशा ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया वहीं 27 किलो में जानवी ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। विजेता खिलाड़ियों व कोच गुरदीप बैनीवाल को विद्यालय पहुंचने पर निदेशक रत्तनपाल सांवत, मोहित कालीराणा व समन्वयक दर्शना ने मेडल पहनाकर स्वागत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद : किरण

**हिसार।** पुलिस की महिला समर्पित पुलिस टीम ने राजकीय हाई स्कूल चिकनवास में आयोजित एक कार्यक्रम में छात्राओं को महिला सुरक्षा को लेकर विस्तृत जानकारी दी। गुड टच - बैड टच, डायल 112 के बारे, ट्रैफिक के नियमों तथा साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। महिला समर्पित टीम से मुख्य सिपाही किरण ने छात्राओं को क्राइम अगेंस्ट वूमेन, पोक्सो एक्ट के प्रावधान, दुर्गा शक्ति एप, गुड टच व बैड टच के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। किसी भी प्रकार के महिला विरुद्ध अपराध में पुलिस की सहायता ले। उन्होंने एक आम लड़की को पुलिस के द्वारा क्या-क्या सुविधाएं दी जाती है उसके बारे में छात्राओं को अवगत कराया और डायल 112 के बारे में विस्तार से बताया।



हिसार। राजकीय हाई स्कूल चिकनवास में छात्राओं को जागरूक करते महिला पुलिस टीम।

साध्वी करूणागिरी ने श्रद्धालुओं को फिर सुझाया 'सब समस्याओं का हल-एक लौटा जल'

# शिवपुराण कथा में बताई गई बातों का अनुसरण करें श्रद्धालु : साध्वी करूणागिरि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महामंडलेश्वर साध्वी करूणागिरि जी महाराज ने कहा है कि नौ तक चली शिव पुराण कथा से श्रद्धालुओं ने जो सीखा है, उस पर चलकर जीवन को सफल बनाना चाहिए। कथा सुनने का फायदा तभी है, जब हम इसका मनन करें और अपने नित्य कर्म में ढालें।

साध्वी करूणागिरि महाराज श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट की ओर से संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग के सानिध्य में चल रही श्री शिव पुराण कथा के नौवें दिन श्रद्धालुओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि नौ दिन तक चली कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने शांत व सरल भाव से कथा सुनी है और अब जरूरत है कि हम इस कथा में बताई गई बातों का अनुसरण करें।

मनुष्य को चाहिए कि वह संतों की बताई अच्छी बातों को अपने जीवन में ढालें और जब भी मौका मिले, तभी धार्मिक कथाओं में जाकर अपना जीवन धन्य करें। उन्होंने कथा में फिर दोहराया कि शिव भगवान की नित्य पूजा करनी चाहिए। यदि मनुष्य भगवान की भक्ति के लिए समय निकाल लें तो उसकी सारी समस्याओं का समाधान हो सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को यह भी सुझाया कि 'सब समस्याओं का हल-एक लौटा जल' है। भगवान शिव को जल अर्पित करो और भगवान शिव प्रसन्न होंगे। उन्होंने कहा कि शिव का नाम जपने से सब पाप, ताप नष्ट हो जाते हैं और भगवान शिव उस मनुष्य पर पूर्णतः कृपा करते हैं। श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने इस अवसर पर आए अतिथियों व श्रद्धालुओं का स्वागत किया। हवन में अधिक से अधिक श्रद्धालु पहुंचे और अपना जीवन धन्य करें।





हिसार। शिव पुराण कथा में प्रवचन करते साध्वी करूणागिरि महाराज व उपस्थित श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर ओमप्रकाश असीजा ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा पूर्व मेयर गौतम सरदाना, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष प्रवीण जैन, डॉ. नकुल गुप्ता, जवाहर नारंग, डॉ. तिलक राज, विनय अग्रवाल, रविन्द्र सिंगल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

**ग्राम पंचायत ढ़ाड**
**खण्ड बरवाला, (हिसार)**
**निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव ढ़ाड में कंडम पांच कमरे व बरामदा तथा पशु हस्पताल भवन (कण्डम) की निलामी दिनांक 21-04-25 को दोपहर 2 बजे पशु हस्पताल भवन में करवाई जाएगी। बोलीदाता को 30000/- रू0 सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। बोली की अन्य शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।

**श्रीमती सुमन, सरपंच**
**ग्राम पंचायत ढ़ाड (हिसार)**
**मो.- 99929-74775**

**ईश्तहार अखबार**
**न्यायालय श्री अजय सिह नायब तहसीलदार आदमपुर जिला हिसार**

महेन्द्र पुत्र श्री सोहनलाल पुत्र श्री घमण्डा निवासी खासा महाजनान तहसील आदमपुर जिला हिसार ने एक दरखास्त प्रस्तुत करके प्रार्थना की है कि उसके भाई इन्द्राज पुत्र श्री सोहनलाल पुत्र श्री घमण्डा निवासी ढाणी खासा महाजनान तहसील आदमपुर जिला हिसार ने अपने जीवन काल में एक वसीयत नामा प्रलेख नम्बर 101 दिनांक 13.2.2023 बमकाम आदमपुर जिला हिसार अनुसार अपनी कृषि भुमि /प्लाट भुमि मौजा खासा महाजनान तहसील आदमपुर जिला हिसार को प्राथी महेन्द्र पुत्र श्री सोहनलाल पुत्र श्री घमण्डा निवासी खासा महाजनान तहसील आदमपुर जिला हिसार के हक में समक्ष तहसीलदार आदमपुर पुरे होशो हवास में पंजीकृत करवाई है अब इन्द्राज का देहन्त दिनांक 27.3.2025 को हो चुका है। अब प्रार्थी महेन्द्र उक्त वसीयत नामा का इन्तकाल माल रिकार्ड में दर्ज व मन्जुर करवाना चाहता है।

अतः इस इश्तहार अखबार के माध्यम से सभी सम्बधित को सुचित किया जाता है कि उक्त वसीयत नामा का इन्तकाल दर्ज व मनजुर किये जाने में यदि किसी को कोई एतराज है तो वह समक्ष तहसीलदार आदमपुर / नायब तहसीलदार आदमपुर में एतराज दर्ज करवा सकता है यदि कोई आपति / एतराज न्यायालय में नही दिया गया तो इस वसीयत नामा का इन्तकाल नियमानुसार दर्ज व मन्जुर कर दिया जाएगा।

यह नोटिस आज दिनांक 15-4-25 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

अखबार — हस्ता/- नायब तहसीलदार
आदमपुर जिला हिसार

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति, बरवाला के अधीन कृषि योग्य भूमि को एक वर्ष के लिए पट्टे पर देने के लिए खुली बोली दिनांक 17.04.2025 को प्रात: 11:00 बजे खण्ड कार्यालय, बरवाला में की जानी निश्चित हुई है। भूमि पट्टे पर लिए जाने के लिए शर्ते एवं नियम निम्न प्रकार से है:-

1. सिक्योरटी राशि मु0 20,000/- रूपये जमा करवाई जाएगी।
2. सम्पूर्ण राशि सफल बोलीदाता से मौके पर जमा करवाई जाएगी।
3. बोली छोड़ने व न छोडने का अधिकार कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति, बरवाला का होगा।
4. यदि बोलीदाता बोली की राशि जमा करवाने में असमर्थ रहता है तो उसके द्वारा दी गई सिक्योरटी राशि जब्त कर ली जाएगी।
5. बोली से सम्बन्धित अन्य सभी शर्ते मौके पर बता दी जाएगी।

**कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति, बरवाला।**

## खबर संक्षेप

### आदमपुर में बिजली के नए कार्य पूरे : बिश्नोई

**मंडी आदमपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि आदमपुर मंडी एवं आसपास के कई गांवों में बिजली से संबंधित समस्याओं का निवारण करते हुए करोड़ों रुपये के विकास कार्य पूरे हुए हैं और कई कार्यों की औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, जिन पर कार्य शुरू होने वाला है। वे आदमपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के दौरान लोगों से बातचीत कर रहे थे। इस कड़ी में मंडी आदमपुर स्थित सामान्य अस्पताल में 235509 रुपये की लागत से 50 एमएम की नई केबल बिछाई गई है व खराब कंडक्टर को बदला गया है, मॉडल टाउन के अंदर 321610 रुपये की लागत से कम्युनिटी सेंटर के पास 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है, खैरमपुर में मखनलाल भादू व अन्य की ढाणियों में कम वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए 285602 रुपये की लागत से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया है।

### राजकीय महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**नारनौंद।** भूगोल विभाग द्वारा कालेज के प्राचार्य अनिल कुमार के मार्गदर्शन में स्थानिक बुद्धिमत्ता-उपकरण, प्रवृत्तियां और तकनीक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
कार्यशाला के दौरान डॉ. संजीत सहायक प्रोफेसर भूगोल विभाग केन्द्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा ने विशेषज्ञ की भूमिका निभाई। उन्होंने भूगोलिक सूचना प्रणाली के बारे में विस्तापूर्वक बताया। उसके बाद भूगोलिक डेटा एकीकरण पर प्रैक्टिकल कार्य किया गया।
कार्यशाला में भूगोल विभाग के एम एससी प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर कर भाग लिया। कार्यशाला के आखिर में अनुप, भूगोल विभाग इंचार्ज ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त कर भू-स्थानिक तकनीक के महत्व के बारे में बताया।

### रिटायर्ड कर्मचारियों का प्रदर्शन 22 को

**हिसार।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक सूबेसिंह स्मारक, जवाहर नगर में संघ के जिला प्रधान मनोहर लाल जाखड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव जयसिंह वर्मा ने किया। बैठक में बताया कि देश भर में जिला मुख्यालयों पर आगामी 22 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय वित मंत्री के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुरेन्द्र यादव उपस्थित हुए।

### रोटरी क्लब ने उपलब्ध करवाए टैंकर

**हिसार।** रोटरी क्लब ने सेक्टर 14 वेलफेयर कमेटी व नगर निगम के साथ मिल कर शहरवासियों को पानी उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया। इसी के चलते सेक्टर 14 में स्थित समुदायिक केंद्र से पानी के टैंकरों को नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर प्रवीण पोपली, रोटरी क्लब के प्रधान मोहित गुप्ता व सेक्टर 14 वेलफेयर कमेटी के सदस्यों ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। प्रवीण पोपली ने जनहित कार्यो की सराहना की। प्रधान गुप्ता ने कहा कि रोटरी व सेक्टर 14 सोसायटी सदस्यों ने टोटल 200 टैंकरों की व्यवस्था की हुई है।

# दादा गौतम के आवास पर शोक प्रकट करने पहुंचे सीएम, लोगों से भी मिले

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कइ गांवों में पंचायत प्रतिनिधियों से मिलकर समस्याएं सुनीं

### नारनौंद में विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नारनौंद के वार्ड 16 में भाजपा विधायक रामकुमार गौतम के आवास पर उनके छोटे भाई देवेंद्र गौतम के निधन पर शोक व्यक्त प्रकट करने के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक प्रकट किया व विधायक रामकुमार गौतम को सांत्वना भी दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शोक प्रकट करने के बाद कार्यकर्ताओं से भी मिले और विभिन्न गांव से पहुंचे पंचायत प्रतिनिधि व अनेक ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और उनके जल्द से जल्द समाधान करने के अधिकारियों को निर्देश भी दिए। उसके बाद भगवती रेडीमेड स्टोर पर प्रमुख समाजसेवी रामपाल सैनी के प्रतिष्ठान पर जलपान करने पहुंचे। इस दौरान सीएम सैनी नपा चेयरमैन शमशेर कूकन से कहा कि नारनौंद में विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। सीएम के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, भाजपा नेता जवाहर सैनी, योगेश्वर दत्त, हांसी जिला प्रधान अशोक सैनी, हिसार जिला प्रधान आशा खेदड़, अजय सिंधु, चेयरमैन शमशेर कूकन, सोनू डाटा, सुनील बैरागी, सोनू सैनी, रामपाल सैनी, शमशेर सैनी, मनोज लोहान, भीम गौतम , राजेंद्र लांबा, सतीश लोहान, सरपंच प्रीतम लोहान, रामहेर लोहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।




**नारनौंद।** विधायक रामकुमार गौतम के आवास पर शोक प्रकट करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य व मुख्यमंत्री सैनी से बातचीत करते भाजपा युवा नेता अजय सिंधु।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने भी जताया शोक

**नारनौंद/हांसी।** पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा नारनौंद में सफीदों से भाजपा विधायक रामकुमार गौतम के आवास पर पहुंचे। उन्होंने उनके भाई देवेंद्र गौतम के निधन पर शोक प्रकट किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी ने कांग्रेस की मंजूरशुदा परियोजनाओं को 11 साल तक लटकाए रखा। हिसार एयरपोर्ट से लेकर यमुनानगर थर्मल पावर प्लांट दोनों मूल रूप से कांग्रेस सरकार की परियोजनाएं हैं। लेकिन बीजेपी इन्हें 11 साल में भी पूरा नहीं कर पाई। प्रधानमंत्री के दौरे पर पूछे गए सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि उनके द्वारा किए गए उद्घाटन और शिलान्यास का धन्यवाद और स्वागत है। लेकिन हरियाणा की जनता को इस दौरे से कई उम्मीदें थीं। जनता को उम्मीद थी कि हिसार एयरपोर्ट के साथ हरियाणा को कार्गो एयरपोर्ट व कोई नई सौगात जरूर मिलेगी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसलिए लोगों को इस दौरे से एक नाउम्मीदी हाथ लगी। पूर्व सीएम ने कहा कि चुनाव से पहले 1,25,000 कौशल कर्मियों को पक्का करने का ऐलान करने वाली भाजपा ने सरकार बनने के बाद उन्हें नौकरी से निकलने का काम शुरू कर दिया। किसानों के साथ भी भाजपा लगातार खिलवाड़ कर रही है।

# अंग्रेसी ऑनर्स में सिमरन ने पाया प्रथम स्थान



- गुजवि द्वारा घोषित पांचवें सेमेस्टर के परिणाम में राजकीय कॉलेज के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन
- प्रथम 9 स्थानों पर राजकीय कॉलेज के विद्यार्थियों का दबदबा रहा कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीए अंग्रेजी ऑनर्स के पांचवें सेमेस्टर के परिणाम में राजगढ़ रोड स्थित गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय के छात्रों ने इतिहास रचा है। महाविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम 9 स्थानों पर अपना दबदबा कायम किया है, जो उनकी असाधारण शैक्षणिक प्रतिभा और कठोर परिश्रम का स्पष्ट प्रमाण है। परिणामानुसार, सिमरन ने 83.0 फीसद अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ वंश सोनी (78.75 फीसद), भावना (78.75 फीसद), प्रदीप (78.75 फीसद), अंजनी (78.75 फीसद), रुद्रा बिश्नोई (78.25 फीसद), विकास (77.50 फीसद), दीपिका (76.75 फीसद) और मनीषा (76.75 फीसद) ने क्रमशः शीर्ष 9 स्थानों पर अपनी जगह बनाई है।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहे

इस सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे संस्थान के लिए एक अविस्मरणीय क्षण है। विद्यार्थियों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा, समर्पण और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन से यह असाधारण उपलब्धि हासिल की है। यह परिणाम न केवल विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का फल है, बल्कि हमारे महाविद्यालय में प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का भी प्रमाण है। उन्होंने बताया कि गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय की एक गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा रही है। हाल ही में घोषित 'अंग्रेजी स्नातकोत्तर' के परीक्षा परिणाम में भी महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्रा रिंकू और अंतिम वर्ष की छात्रा सोनम ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया था।

# मनीषा करेंगी प्रदेश का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



मनीषा।

डबलिन सिटी यूनिवर्सिटी, आयरलैंड में दक्षिण एशियाई सम्मेलन में प्रस्तुत करेंगी शोध पत्र

हरियाणा की प्रतिभा एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकी है। हिसार जिले के गांव कोहली की रहने वाली मनीषा को आयरलैंड के डबलिन सिटी यूनिवर्सिटी में होने वाले 8वें वार्षिक साउथ एशियन कॉन्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए चयनित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन 15 से 17 अप्रैल तक आयरलैंड इंडिया इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित किया जाएगा। मनीषा वर्तमान में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के अंग्रेजी एवं सांस्कृतिक अध्ययन विभाग में पीएच.डी. की शोधार्थी हैं।

उनका शोध विषय है 'समावेशी सशक्तिकरण से राष्ट्रवादी अभिकथन तकः भारत में खेल फिल्मों की सांस्कृतिक काव्यशास्त्र' जिसमें वे हरियाणा की खेल संस्कृति, सिनेमा और लैंगिक पहचान के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन की पड़ताल कर रही हैं। डबलिन सम्मेलन में मनीषा 'संघर्ष, अवसर और विजयः भारतीय खेलों में हरियाणा की भूमिका/' विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगी। इसमें हरियाणा के सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य में खेलों के ज़रिए आए बदलाव और विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी को प्रमुखता से रेखांकित किया जाएगा।

राजकीय पीजी कॉलेज, हिसार से अंग्रेजी में एमए और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एमफिल कर चुकी मनीषा ने देशभर के कई राज्यों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में खेल, हरियाणा और लैंगिक विषयों पर शोध प्रस्तुत किए हैं। उनका अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में चयन न केवल उनके लिए, बल्कि उनके गांव कोहली, जिला हिसार और समूचे हरियाणा के लिए गर्व का विषय है।

इस उपलब्धि पर मनीषा ने कहा कि यह मंच न केवल मेरे शोध को वैश्विक पहचान देगा, बल्कि हरियाणा की खेल संस्कृति और उसमें महिलाओं की भूमिका को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष रखने का अवसर भी मिलेगा। हरियाणा के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है, जहां एक बेटी अपने परिश्रम, ज्ञान और सांस्कृतिक समझ के बल पर प्रदेश का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन कर रही है।

### छोटी सातरोड़ में सांग उत्सव 18 अप्रैल को

**हिसार।** हरियाणा कला परिषद्, कला और कलाकार संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 18 अप्रैल को छोटी सातरोड़ खुर्द में एक दिवसीय सांग का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कला और कलाकार संस्था के अध्यक्ष विकास हरियाणवी ने बताया कि हरियाणा की लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार व हरियाणा कला परिषद् समय समय पर ऐसे सांस्कृतिक आयोजन करवाती रहती है। इसी कड़ी में छोटी सातरोड़ में एक दिवसीय सांग का आयोजन करवाया जा रहा है जिसमें हरियाणा के राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सांगी धर्मबीर भगाना प्रस्तुति देंगे। इस सांग का आयोजन सैनी धर्मशाला इंदिरा कॉलोनी नजदीक 27-28 सेक्टर में किया जाएगा। संस्था के सचिव राजेंद्र सैनी ने बताया कि यह सांग पूर्ण रूप से पारिवारिक रहेगा।

# रॉयल स्कूल में अनुभवात्मक शिक्षा पर संगोष्ठी, छात्रों की सहभागिता पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में सीबीएसई के तत्वाधान में शिक्षकों के लिए 'अनुभवात्मक शिक्षा' विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में सीबीएसई की ओर से मुख्य प्रशिक्षक के तौर पर एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी से डॉ. संदीप और जेएनवी संगरूर से चेतन मोहन ने भाग लिया। संगोष्ठी में कुल 6 विद्यालयों के 60 शिक्षकों ने भाग लिया जिनमें रॉयल स्कूल के 33 शिक्षक शामिल थे।

प्रशिक्षण के दौरान ब्लूम के वर्गीकरण, कोल्ब के सिद्धांत और संज्ञानात्मक, भावात्मक और साइकोमोटर डोमेन के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए, अनुभवात्मक शिक्षा पर चर्चा की गई। सत्रों में प्रभावी शिक्षण परिणाम (ईएलओ) तैयार करने और पाठ योजना के लिए स्मार्ट दृष्टिकोण का उपयोग करने पर जोर दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों की सहभागिता को बढ़ाना, समझ को गहरा करना और कक्षाओं में प्रभावशाली परिणाम आधारित शिक्षण प्रथाओं को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा (रिटायर्ड), वाइस प्रिंसिपल सुमति शर्मा, सीनियर कोऑर्डिनेटर पूनम बिश्नोई और अध्यापकगण उपस्थित रहे।



**हिसार।** संगोष्ठी में उपस्थित स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### राह ग्रुप के सदस्यों ने स्मृति वन पार्क में चलाया सफाई अभियान



**हिसार।** स्वच्छता अभियान के तहत राह ग्रुप फाउंडेशन ने शहर के मध्य स्थित स्मृति वन पार्क में सफाई अभियान चलाया। पार्क में पौधों को विशेष पेंट्स भी किया है। राह ग्रुप के संस्कृति प्रभारी राजकुमार श्योराण, राह क्लब हिसार के उपाध्यक्ष कमल हांडा व महिला उपाध्यक्ष निर्मला सैनी के अनुसार राह ग्रुप फाउंडेशन के सदस्यों ने पार्क प्रबंधन समिति को साथ लेकर स्मृति वन पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इसके तहत करीब दो एकड़ में फैले इस पार्क की साफ सफाई की गई। हकृवि के गेट नंबर चार के सामने स्थित इस पार्क में लगे दो से अधिक पौधों को राह संस्था की तरफ से विशेष पेंट्स से तिरंगा कलर किया गया है। जिससे कि यहां आने वाले प्रत्येक नागरिक को अच्छा महसूस हो।

# फुटबॉल चैंपियनशिप में 8 मुकाबले

- अलवर, सूरतगढ़, हिसार और अबोहर रहा विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आर्मी पब्लिक स्कूल में चल रही दक्षिण पश्चिमी कमान फुटबॉल चैंपियनशिप के दूसरे दिन कुल आठ मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल और उत्साह का प्रदर्शन किया। दिनभर चले इन मुकाबलों में आर्मी पब्लिक स्कूल अलवर, सूरतगढ़, हिसार और अबोहर ने अपने-अपने मैच जीतकर प्रतियोगिता में मजबूती से अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। दिन के पहले मुकाबले में सूरतगढ़ की टीम ने लालगढ़ को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराया। सूरतगढ़ की आक्रामक शैली और रफ्तार ने लालगढ़ की टीम को कोई मौका नहीं दिया। दूसरे मुकाबला अलवर और बीकानेर के बीच खेला गया, जिसमें कड़े संघर्ष के बाद अलवर ने 3-2 से जीत हासिल की। दोनों टीमों के बीच मुकाबला बेहद कड़ा रहा, लेकिन अलवर की बेहतरीन रणनीति और तालमेल ने उसे जीत दिलाई। मेजबान आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार ने भठिंडा के खिलाफ खेले गए मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-0 से जीत दर्ज की। हिसार की टीम ने पूरे मैच में बेहतरीन नियंत्रण बनाए रखा और आक्रामक के साथ रक्षात्मक खेल में भी उत्कृष्टता दिखाई। अबोहर और फरीदकोट के बीच हुए मुकाबले में भी कड़ा संघर्ष देखने को मिला। अंततः अबोहर ने 1-0 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता में अपनी स्थिति मजबूत की।



**हिसार।** दक्षिण पश्चिमी कमान फुटबॉल चैंपियनशिप में फुटबॉल मैच खेलते खिलाड़ी।

# गुजवि ने पीएचडी में दाखिले के प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

- विश्वविद्यालय में 12 अप्रैल को हुई थी प्रवेश परीक्षा

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने परीक्षा परिणाम की प्रति कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को सौंपी। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने परीक्षा में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि गुजविप्रौवि उच्च गुणवत्तापरक शोध के लिए प्रतिबद्ध है। प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि विश्वविद्यालय में 12 अप्रैल को पीएचडी शीतकालीन सत्र में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में किया गया। इस प्रवेश परीक्षा के लिए 93 आवेदकों ने आवेदन किया था। 71 आवेदकों ने यह प्रवेश परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



**हिसार।** कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को परीक्षा परिणाम की प्रति सौंपते परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला।

# डेयरी को लेकर प्रशिक्षण दिया

- लुवास में पशुपालन और डेयरी विज्ञान में उद्यमिता विकास पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु पालन पशु विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा मंगलवार को पशुपालन और डेयरी विज्ञान में उद्यमिता विकास पर एक प्रभावशाली ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्रौद्योगिकी इन्क्यूबेशन सेंटर और संस्थान नवाचार परिषद, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय के संयुक्त आयोजन में और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद, गुजरात के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) नरेश जिंदल ने अपने संदेश में कहा कि आज के पशुपालन और डेयरी क्षेत्र के विशेषज्ञ को केवल पारंपरिक कार्यों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। बाज़ार की गतिशीलताओं में हो रहे बदलावों के बीच, ऐसे उद्यमिता दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो सार्थक, व्यावसायिक रूप से विकसित करने योग्य समाधान प्रस्तुत कर सके। कार्यक्रम की प्रारंभिक टिप्पणी डॉ. राजेश खुराना, निदेशक, मानव संसाधन प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यशाला का उद्घाटन भाषण प्रो. रमण गुर्जल, निदेशक, कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी साझेदारी विभाग, अहमदाबाद ने दिया। प्रो. गुर्जल ने सीएसआर भागीदारी, इन्क्यूबेशन मॉडल और जमीनी स्तर की नवाचार के माध्यम से पशुपालन और डेयरी क्षेत्रों में उद्यमिता की भूमिका पर प्रकाश डाला।



**हिसार।** कार्यशाला में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

टिप्स | हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण संपन्न, डॉ. अशोक गोदारा बोले

# मशरूम को व्यवसाय के रूप में अपनाकर भूमिहीन युवा और किसान अच्छा रोजगार पैदा कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 72 युवक एवं युवतियों ने भाग लिया। उपरोक्त संस्थान द्वारा कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के मार्गदर्शन में विभिन्न विषयों पर पूरा वर्ष किसानों, बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं के कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं।

संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि मशरूम को एक व्यवसाय के रूप में अपनाकर कोई भी भूमिहीन युवा और किसान कम लागत में एक अच्छा रोजगार स्थापित कर सकते हैं। मशरूम का प्रसंस्करण करके या मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करके भी अच्छी आमदनी प्राप्त की जा सकती है। मशरूम एक संतुलित आहार है। जिसमें विभिन्न प्रकार के पौष्टिक तत्व जैसे खनिज, विटामिन, अमीनो एसीड्ज, प्रोटीन आदि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होने के साथ-साथ कई तरह के औषधीय गुणों से भी भरपूर होती हैं जो मनुष्य को कई रोगों से बचाने में सहायक मानी गई है। प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण- पत्र भी वितरित किए गए। इस मौके पर प्रशिक्षण संयोजक डॉ. सतीश कुमार मेहता, सहायक वैज्ञानिक डॉ. विकास कम्बोज, मशरूम के लैब इचार्ज डॉ. जगदीप सिंह, पौध रोग विभाग के डॉ. अमोघवर्षा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राकेश कुमार चुघ, डॉ. डीके शर्मा, डॉ. विकास हुड्डा, डॉ. संदीप भाकर डॉ. सरोज यादव, डॉ. भूपेंद्र सिंह ने भी विभिन्न विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



**हिसार।** प्रशिक्षण के समापन अवसर पर विशेषज्ञ प्रतिभागियों के साथ।